**श्रमांचल एक्सप्रेस**

16 h ·

पुण्यतिथि पर याद किये गये डीपीएस के संस्थापक रमेश गोयनका

आसनसोलः दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के संस्थापक रमेश गोयनका की पुण्यतिथि पर विद्यालय परिवार ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। उनकी स्मृति में विद्यालय परिसर में सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता श्रीवास्तव ने श्री गोयनका के स्मृति पटल पर माल्यार्पण पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गोयनका ने दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के रूप में एक वृहद उद्देश्य को पूर्ण करने का सूत्र हमें प्रदान किया है, अब हमारा उत्तरदायित्व है कि अपना शत – प्रतिशत देकर उसकी प्राप्ति में अपने हिस्से की भागीदारी दें। उन्होंने छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि आइये हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपने को साकार करने का दृढ़ संकल्प लें। वे अपने जीवनकाल में शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर योगदान देते रहे , केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं वरन समाज सेवक के रूप में भी उन्होंने प्रचुर कार्य किये। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम सभी उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सहित समस्त अध्यापकगण, छात्रवृन्द, कार्यालय कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



